सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश संत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 25 चैत्र, 1937 (श०) / 15 अप्रील, 2015 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 121**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 71 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 18 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 13 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 14 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 121 |

सड़क का जीर्णोद्धार

*1454. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के इजरी पीपरा-बांधा सड़क शाहाबाद पथ प्रमंडल आरा के अधीन है और अत्यंत जर्जरावस्था में रहने के चलते आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में आयी भीषण बाढ़ में इस सड़क पर बना पुल ध्वस्त हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1455. श्रीमती रजिया खातुन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के बखरी पंचायत में नन्द किशोर यादव के घर से महादलित बस्ती (टोला) होते हुये सुमोती नदी तक जानेवाली सड़क कच्ची है जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण कराना चाहती है ?

--------

सड़क का निर्माण

*1456. श्रीमती रजिया खातुन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के सिसवा खरार पंचायत में मनपुर बाजार से भगवतीया जाने वाली सड़क कच्ची है जिस कारण स्थानीय लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कबतक पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है ?

--------

पुल का निर्माण

*1457. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के बेलाव देवी स्थान, करहा पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार बेलाव देवी स्थान पर पुल निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सम्पर्क पथ बनाना

*1458. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत हथौड़ी पुल का निर्माण कार्य 2014 में पूरा किया गया है परन्तु पुल का सम्पर्क पथ जो सुरहा हथौड़ी पथ से जुड़ेगा नहीं बनाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 23 करोड़ रुपये व्यय होने के बावजूद पुल निर्माण से एक लाख लोगों को कोई लाभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पुल का सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है ?.

--------

पथ का निर्माण

*1459. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला भागलपुर के प्रखंड रंगरा चौक के कटरिया तीनटंगा पथ का चौड़ीकरण कार्य विगत कई वर्षों से चल रहा है जो अभीतक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अधूरे पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संवेदक पर कार्रवाई

*1460. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत लालपुर से शंकरपुर जानेवाली पथ में तीन पुल वर्ष दिसम्बर, 2014 में बन गया है तथा उक्त पुल के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार सीमेंट, बालू एवं छड़ का उपयोग नहीं होने से तीनों पुल में दरार आ गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1461. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के हर्षोपुर चौक होते हुये बेलादम सिमांत तक सड़क कच्ची है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की मरम्मती एवं उड़ाहीकरण

*1462. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत मदनपुर प्रखंड के ग्राम दधपी के पास केसहर नदी पर निर्मित चहका काफी जर्जर है एवं चहका से निकलकर बायें तरफ जाने वाले नहर जो माया बीगहा, टंडवा, मंझार, सैलोपुर होते हुए सिमरा जमसेद तक जाती है एवं दायें तरफ जाने वाली नहर जो टेलडिहा होते हुए पिपरौरा तक जाती है, दोनों नहर की उड़ाही एवं मरम्मती नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चहका का मरम्मती एवं उससे निकलने वाली दोनों नहर को उड़ाही नहीं होने से आस-पास के सैकड़ों गाँव के किसानों को सिंचाई सुविधा में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त वर्णित चहका एवं उससे निकलने वाली नहर की मरम्मती एवं उड़ाही कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*1463. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के मथुरापुर से किसनदासपुर होते हुए पुद्धचक तक सड़क की हालत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संवेदक पर कार्रवाई

*1464. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखण्ड के कलुवा से तेलीयारही जाने वाली सड़क का फरवरी, 2015 में निर्माण कार्य पूरा होना था, लेकिन अभीतक पूरा नहीं किया गया है लेकिन जितनी सड़क बनी है, टूटना शुरू हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कराने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुये सड़क निर्माण ससमय कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1465. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सुरहा-हथौड़ी पथ की स्थिति जर्जर रहने एवं सुरहा-हथौड़ी पथ में बना पुलिया धंस जाने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं पुलिया का पुनर्निमाण कबतक कराने का विचार रखती है ?

सड़क की मरम्मती

*1466. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंड के धेरी-इटढ़िया पथ पर ग्राम इटढ़िया के पास पिछले वर्ष आई बाढ़ के कारण 100 मीटर की लंबाई में पथ के बह जाने के कारण इटढ़िया गाँव का संपर्क संझौली तथ विक्रमगंज प्रखंड मुख्यालय से भंग हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित पथ का प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, विक्रमगंज द्वारा छः माह पूर्व मुख्यालय, पटना को समर्पित करने के बावजूद इसका जीर्णोद्धार अबतक शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क की मरम्मती का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ओवर ब्रिज का निर्माण

*1467. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के दोनार चौक पर रेलवे गुमटी नं0 25 पर रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति तीन वर्ष पूर्व हो गई थी तथा रेल ओवर ब्रिज का शिलान्यास दिसम्बर, 2013 में ही हो गया था, लेकिन काम अभीतक प्रारम्भ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रेल ओवर ब्रिज नहीं बनने के कारण दोनार चौक पर भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेल ओवर ब्रिज का कार्य प्रारम्भ करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गार्डवाल का निर्माण

*1468. श्री ललन राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड कुटुम्बा में उत्तर कोयल मुख्य नहर 199.90 पर ग्राम बेलाई के पास अवस्थित पुल पर गार्डवाल नहीं रहने से कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल पर गार्डवाल बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*1469. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के डोरवार पंचायत के गोबराही गाँव के प्रधानमंत्री, सड़क के दोनों किनारे तथा जीवछ ठाकुर के घर से देव सुन्दर यादव के घर तक सड़क पर वर्षात के दिनों में जल-जमाव हो जाता है, जिस कारण लोगों को नारकीय स्थिति उत्पन्न हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में बड़ी आबादी पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलितों की है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़क के किनारे नाला का निर्माण कराकर लोगों को जल-जमाव से मुक्ति दिलाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का जीर्णोद्धार

*1470. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलांतर्गत फुल्लीडुमर प्रखंड का छातावर बाँध जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छातावर बाँध का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*1471. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तहत चुँगाई से चिकसील जानेवाली पथ पिछले दस वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नाला का निर्माण

*1472. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फतुहा/पालीगंज प्रखंड अन्तर्गत इमामगंज बाजार होते हुये एन०एच०-110 गुजरती है जिसके किनारे नाला नहीं होने के कारण खासकर बरसात के दिनों में जल-जमाव हो जाता है जिससे आम जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार इमामगंज बाजार पर एन०एच० 110 के किनारे नाला निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का निर्माण

*1473. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत सासामुसा पंचायत के ग्राम-नरैपारा में श्री चन्दवा यादव के बथान से आर०ई०ओ० सड़क तक जोड़ने वाली सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*1474. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा एवं लखनौर प्रखंड स्थित बेहरारी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क से नेमुआ रेलवे हॉल्ट तक जानेवाली सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिससे ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को भारी कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*1475. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के सुक्की लोहापुर से शेखनगी होते हुये टेकनारी चौक एवं टेकनारी चौक से चक्कशीव कुतुपुर तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1476. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर स्थित चक्कर मैदान रेस कोर्स में अविनाश बाबू के घर से भाया प्रभात तारा स्कूल होते हुये अशोक कुमार, अभियंता के घर तक की पथ पूर्व से विभाग में अधिग्रहित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित पथ एवं नाला अत्यंत जर्जर है, उक्त पथ में शहर का सबसे महत्वपूर्ण प्रभात तारा बालिका उच्च विद्यालय है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जर्जर सड़क होने के कारण आमलोगों के साथ-साथ छात्राओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1477. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के सोह पंचायत के रजवारा प्रा० विद्यालय से सिरही तक की सड़क विगत दो वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 24 अप्रील, 2014 एवं 26 सितम्बर, 2014 को पत्र के माध्यम से स्थानीय पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया परन्तु इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रजवारा प्रा० विद्यालय से सिरही तक पक्की सड़क का निर्माण कर आवागमन बहाल कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जल-जमाव का निदान

*1478. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लखनौर प्रखण्ड स्थित लखनौर ग्राम में राधाकृष्ण मंदिर से पश्चिम मुख्य सड़क पर विगत सात महीनों से हल्की वर्षा होने पर भी 1/4 कि०मी० में जल जमाव हो जाता है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जल-जमाव की समस्या का निदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सेतु का निर्माण

*1479. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड हरसिद्धि के पान्नापुर रजिला, गोड़ा घाट पुल एवं तुरकौलिया प्रखंड के मझार गाँधी घाट, भलुआ धनौती नदी पर मुहब्बत छपरा कुना महतो टोला में सेतु निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को काफी लम्बी दूरी तय करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों पर सेतु का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर में पानी पहुँचाना

*1480. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के ग्राम हमीदनगर के पास पुनपुन नदी पर बराज का निर्माण हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बराज से पश्चिम दिशा में 3 किलो मीटर की दूरी पर माली रजवाहा स्थित है, जिसमें करीब 40 वर्षों से पानी नहीं आने से हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि असिंचित रह जाती है, को चहासा, रजवाहा की भी स्थिति खराब है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा दिये गये ज्ञापन के आलोक में उक्त बराज से लिफ्ट इरिगेशन के द्वारा पानी को लिफ्ट कर उक्त दोनों नहरों में पानी पहुँचाने की विस्तृत परियोजना तैयार करने का आदेश दिनांक 28 जून, 2013 को ही विभागीय मंत्री द्वारा दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परियोजना तैयार करते हुये उक्त दोनों नहरों में उक्त बराज से पानी पहुँचाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1481. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत बंगालखांड पंचायत के ग्राम कबलाचक में श्री बृज चौबे के घर के पास से नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, मुसहर टोला होकर मुख्य पथ तक जाने वाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*1482. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर एवं नानपुर प्रखंड के मेहसौल, बघारी, दशई, गौढ़ा, भोरसंड, गाढ़ा सहित 10 नलकूप यांत्रिक दोष के कारण बंद है, जिससे किसानों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूप को चालू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1483. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के बैरिया पंचायत के बधवा रतन साह के घर से डेलू चौक होते हुये राजवंशी टोला गढ़पैना तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के शेष भाग $2\frac{1}{2}$ किलो मीटर सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण रतनपुर, ओलिया, बधवा, मजराही, खोपड़ा, गढ़बैना, राजवंशी टोला, शर्मा टोला आदि 60 गाँव के 40 हजार लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़क के शेष भाग का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा भुगतान करना

*1484. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के खानपुर प्रखंड अंतर्गत डगरूआ बलहा में पुरानी बागमती नदी पर आर०सी०सी० पुल निर्माण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण समय पर नहीं होने से निर्माण कार्य बाधित है तथा स्थानीय किसानों में भी रोष है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पुल एवं अप्रोच रोड हेतु आवश्यक भूमि का अधिग्रहण कराते हुये किसानों को मुआवजा भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

सड़क बनाना

*1485. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड में ग्राम सोनवर्षा से दुल्लहपुर तक जानेवाली मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है तथा इसके निर्माण का कार्य वर्ष 2012 से ही अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क बनाना

*1486. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड के ग्राम चुरामनपुर से अर्जुनपुर तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क चार-पाँच गाँवों से होकर गुजरती है, जिसके कारण हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## आवागमन सुचारू करना

*1487. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चम्पारण तटबंध के डुमरिया से ढंकहा तक के गंडक नदी के सुरक्षा बाँध पर निर्मित कालीकृत सड़क काफी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो जाने से उस सड़क से आने-जाने वाले को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सुरक्षा बाँध की सड़क को ठीककर आवागमन सुचारू करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क की मरम्मती

*1488. डॉ० अरूण कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के खोजुचक से छपरा जानेवाली ग्रामीण सड़क जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

*1489. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा से मनौरी, बख्तियारपुर, बनमा बाजार होते चरियाही तक एन०एच० 107 वर्ष 2001 में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त एन०एच० का सर्वे कार्य वर्ष 2014 दिसम्बर से प्रारम्भ हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सर्वे के कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण की दिशा में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का जीर्णोद्धार

*1490. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखण्ड के बबुरा-सब्बलपुर पथ, आरा प्रखण्ड के धमार से अगसंडा-बेहरा पथ, कोईलवर प्रखण्ड के इंडस्ट्रियल एरिया से बागमंझौवा पथ भाया बीरमपुर-किशुनपुरा पथ, कायमनगर से लौंग बाबा मठिया सड़क की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन सड़कों के जीर्णोद्धार का विचार रखती है ?

सड़क की मरम्मती

*1491. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत फतेहपुर से मदारी पथ का निर्माण 5 वर्ष पूर्व हुआ था, जो पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जरावस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस सड़क के मरम्मती का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव रोकना

*1492. श्री इजहार अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत किरतपुर प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर, ककोड़वा गाँव कोसी बाँध के बीच अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि कोसी नदी के कारण लक्ष्मीपुर, ककोड़वा गाँव का कटाव माह जुलाई, 2014 से शुरू हो गया है एवं मकानों के ध्वस्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लक्ष्मीपुर, ककोड़वा ग्राम में हो रहे कटाव को रोकने के लिये कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*1493. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमाननगर प्रखण्ड के नेयाम, छतौना पंचायत के भवानी ग्राम के पोखर के नजदीक स्थित नलकूप विगत 5 वर्षों से बंद होने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूप को चालू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1494. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला कटरा प्रखण्ड स्थित बेलपकौना पंचायत एवं खंगुराडीह पंचायत के बीच केहुनिया घाट पर के ऊपर पुल एवं पहुँच पथ नहीं होने के कारण बेलपकौना पंचायत के जनता को प्रखण्ड मुख्यालय आने के लिये 25 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थल पर पुल निर्माण कराना का चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

एप्रोच रोड बनाना

*1495. श्री दिनेश प्रसाद – क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मीठापुर रेल ओवरब्रिज के दक्षिणी भाग (पटना-पुनपुन रोड की ओर) में 90 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना-पुनपुन रोड में भू-अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद अभीतक एप्रोच रोड निर्माण के लिये जगह पुल निर्माण एजेंसी को उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण एप्रोच रोड का काम शुरू नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना-पुनपुन पथ में एप्रोच रोड के लिये जगह खाली करवाकर उसे पुल निर्माण एजेंसी को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

---------

पुल का निर्माण

*1496. डॉ० फैयाज अहमद – क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड मुख्यालय से घाट-भटरा रामनगर तक की दूरी मात्र 1.5 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 1987 के बाढ़ की विभीषिका में उक्त सड़क ध्वस्त हो गयी थी जो आजतक नहीं बन पाई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मात्र 1.5 कि०मी० में तीन जगह शालिग्राम जी के घर के पास, भरन टोला मोड़ के पास एवं रामनगर के पास बाढ़ में बड़ा-बड़ा कटान हो गया था, जिसपर अभीतक पुल निर्माण नहीं हो सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1497. श्री कुमार शैलेन्द्र – क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के मड़वा पूरब पंचायत के ग्राम हिरदीचक, वार्ड नं० 3 यादव टोला में मो० अपूव के घर से एन०एच० 31 तक लगभग 500 फीट सड़क काफी जर्जर रहने के कारण ग्रामीण लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-हिरदीचक, वार्ड नं० 3, यादव टोला में जर्जर सड़क को नये सिरे से सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्टेट हाइवे बनाना

*1498. श्री विनय बिहारी – क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के बेतिया, मनुआ पुल से योगापट्टी, नवलपुर, घुड़िहरवा होते हुये रतवल महात्मा बुद्ध सेतु तक स्टेट हाइवे का निर्माण कराने की वर्ष 2011-12 में तत्कालीन मुख्य मंत्री के द्वारा घोषणा की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण होने से बिहार एवं उत्तर प्रदेश से सम्पर्क हो जायेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों (1) एवं (2) के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेट हाइवे का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का जीर्णोद्धार

*1499. श्री कृष्ण कुमार ऋषि : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बरहरा प्रखंड में बिहारीगंज एवं बरहरा से बनमनखी तथा बरहरा से धमदाहा सड़क विगत 4 वर्षों से जर्जर है तथा उक्त तीनों पथ जर्जर होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीनों सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का पी०सी०सी० कराना

*1500. श्री प्रेम कुमार : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत तुर्की प्रखंड के ग्राम आगानगर में पुरूषोत्तमपुर उच्च विद्यालय से पूरब पुराना पंचायत भवन से शैलेश बाबा का मंदिर होते आगानगर नया पंचायत भवन, देवी स्थान तक एक सड़क जाती है, जो विगत वर्षों से पूर्णतः जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पी०सी०सी० करवाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पुल का निर्माण

*1501. श्रीमती सुनीता सिंह : स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 29 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पुल हुआ जर्जर, कभी भी हो सकता है हादसा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के कुम्हारार गंगासमपुर पथ में कुम्हारार के पास स्थित आर०सी०सी० पुल एवं पुल के दोनों किनारे का पाया क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षतिग्रस्त पुल की शिकायत ग्रामीणों द्वारा बार-बार विभागीय अधिकारियों को करने के बाद भी पुल का निर्माण नहीं कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### डायवर्सन बनाना

*1502. श्री विजय कुमार सिन्हा : क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के सदायबिघा गाँव में लगभग 1 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पुल के निर्माण के पूर्व डायवर्सन का निर्माण नहीं किया गया है इससे ग्रामवासियों को बरसात में गाँव से निकलने का कोई विकल्प नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल बनाने के साथ साथ डायवर्सन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ से बचाव

*1503. श्री सुभाष सिंह–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सारण बाँध से लेकर सरफरा बाजार तक आजादी के पूर्व ही नदी जोड़ने की योजना के तहत हीरापाकड़, रूपनछाप सहित आधा दर्जन से अधिक स्लूईस गेट बनाकर गंडक नदी का पानी सीवान जिला के सरयुग नदी में गिराया जाता था, जिससे बाढ़ की तबाही से बाँध, गाँव और खेत बचते थे;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्लूईस गेटों को बंद कर दिये जाने के कारण गंडक नदी की बाढ़ से गोपालगंज जिला प्रत्येक वर्ष तबाह होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बंद पड़े स्लूईस गेटों को खुलवाकर गंडक नदी को सीवान जिला के सरयुग नदी में मिलाकर गोपालगंज को बाढ़ की तबाही से बचाने का विचार रखती है ?

---

पथ का सुदृढ़ीकरण

*1504. श्री तारकिशोर प्रसाद–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कटिहार अन्तर्गत कटिहार प्रखंड स्थित परतैली चौक से पत्थलवाड़ी होते हुये हफलागंज-कुरैठा विभागीय पथ तक सड़क का अवशेष 1 कि०मी० भाग का सुदृढ़ीकरण नहीं हो पाया है जिससे आम ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अवशेष 1 कि०मी० पथ का सुदृढ़ीकरण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1505. श्री श्याम बिहारी राम–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के रोहतास प्रखंड में अकबरपुर से कैमूर जिला के अधौरा प्रखंड मुख्यालय तक सड़क बनाने की योजना वर्ष 2012 से प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग के स्तर पर विचाराधीन है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*1506. श्री मनोहर प्रसाद सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के सूरी सिंह के बगीचा से कैलाश रविदास के घर होते हुये प्राथमिक विद्यालय बलवा तक सड़क नहीं रहने के कारण आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क बनाने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1507. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत मुड़वरिया से मथुआ तक की सड़क प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण हेतु वर्ष 2008-09 में स्वीकृति किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण स्थानीय लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुड़वरिया से मथुआ सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1508. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखंड के कासिमपुर से सुपौल जिला के कटैया पथ में मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना के तहत पुल का निर्माण की स्वीकृति मिली थी तथा फरवरी, 2014 में निविदा भी आमंत्रित किया गया, परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निविदा को रद्द कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये उक्त स्थान पर पुल निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---------

सड़क का निर्माण

*1509. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिले के बौंसी प्रखंड के अन्तर्गत आसनाहा पंचायत में मनियारपुर ग्राम की जनसंख्या 2011 जनगणना के अनुसार लगभग 2,000 (दो हजार ) है और इस ग्राम को ग्रामीण सम्पर्क पथ से नहीं जोड़ा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस ग्राम के अन्दर सड़क/गली की लंबाई लगभग 1.5 कि०मी० है बर्षात के दिनों में आने-जाने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनियारपुर ग्राम को सम्पर्क पथ से जोड़ना चाहती है तथा गाँव के अंदर सड़क निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1510. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत गढीया मुड़ी पंचायत के फक्कर टकिया गाँव से कजरा हाट पीच रोड तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तटबंध की मरम्मती

*1511. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के गिरधरपुर पंचायत अंतर्गत शायरविघा-सदायविघा के बीच 1980 में जल संचय हेतु तटबंध का निर्माण किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तटबंध आज बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण हो गया है, जिससे बरसात का पानी निरर्थक हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तटबंध का मरम्मती करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ की मरम्मती

*1512. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ा बौराम प्रखण्ड के ग्राम-कनहेई बौराम ग्राम के बीच सड़क विगत वर्ष बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे दोनों गाँव का सम्पर्क टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1513. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पैंसरो के ग्राम-शिवबालक नगर तक सम्पर्क पथ नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित सम्पर्क पथ का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पईन का जीर्णोद्धार

*1514. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरुआ विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत परैया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत अजतपतगंज के अंतर्गत पनसुईया पईन का जीर्णोद्धार नहीं होने से हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार पनसुईया पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*1515. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड उचकागाँव के ग्राम-सलेमपट्टी में किसानों का खेत की सिंचाई करने हेतु एक नलकूप का निर्माण लगभग 7 वर्ष पहले कराया गया था, जो अबतक बंद पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त बन्द नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*1516. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पुर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के लखना पंचायत के दुबैली पीच रोड भाया डुमरी होते हुये भेमरा पीच रोड तक का सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नलकूप चालू करना

*1517. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के कोचाधामन विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत लगे अधिकांश स्टेट ट्यूबवेल यांत्रिक दोष के कारण (राजकीय नलकूप) बन्द पड़े हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बन्द पड़े राजकीय नलकूप को चालू करवाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

वसूली को रोकना

*1518. श्री (मो0) तौसिफ आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के बहादुरगंज किशनगंज पथ में नटुआ पाड़ा पुल में लगे बेरियर की डाक अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी पुल कर की वसूली की जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विषय का उच्चस्तरीय जाँच करवाकर उक्त पुल का अवैध कर वसूली को रोकने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*1519. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत अररिया से बेरगाछी एवं कुर्साकांटा होते हुये कुआड़ी तक जानेवाली सड़क पिछले दो वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1520. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखण्ड के एन०एच० 57 (कंगवा गुमटी) से रानीपुर तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी सड़क की हालत जर्जर है, जिसमें वाहन एवं आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार एन०एच० 57 (कंगवा गुमटी) से रानीपुर तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1521. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत सोईवा नदी पर उमला घन हेतु ग्राम-सिंगनू के निकट पुल नहीं रहने के कारण छबिलापुर (सिंगथू) मखदुमाने ग्रामों के निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा अक्सर दुर्घटना घटते रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने अपने मंत्रित्वकाल में पत्र सं० 273(उ०म०) दिनांक 24 जुलाई, 12 द्वारा मुख्य मंत्री एवं विभागीय मंत्री को पुल निर्माण हेतु पत्र दिया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध बनाना

*1522. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कराय-परशुराय प्रखंड स्थित मेढ़ुमा ग्राम से लेकर बेरमा तक भुतही नदी के उत्तरी तटबंध का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध निर्माण नहीं होने से प्रतिवर्ष बाढ़ आने पर एक दर्जन ग्राम प्रभावित होते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में उक्त तटबंध के निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, एकंगरसराय, जल संसाधन विभाग, नालन्दा से कई बार अनुरोध किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेढ़ुमा से बेरमा तक भुतही नदी का उत्तरी तटबंध निर्माण करना चाहती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1523. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के बिदौलिया (गंगा स्थान घाट) से मथुरापुर घाट टोला जानेवाली सड़क के निर्माण नहीं होने से आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*1524. श्री अरूण कुमार सिन्हा–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहटा-सरमेरा पथ एस०एच० 78 का निर्माण कार्य वर्ष 2010 में प्रारम्भ हुआ था और वर्ष 2014 में समाप्त होना था जो पिछले एक वर्ष से नहीं हो रहा है, जिससे इसकी परियोजना लागत बढ़ गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1525. श्री बृजकिशोर बिन्द–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत चैनपुर धरौली पथ के स्थान हजरा पुल से भभुआ प्रखंड के मनोहारी तक सर्विस सड़क के अभाव में 25 गाँव के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के अभाव में बरसात के समय में 15 गाँवों का रास्ता अवरुद्ध हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सर्विस सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ह्यूम पाइप लगाना

*1526. श्री प्रदीप कुमार–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड में पी०एम०जी०एस०वाई० पथ दोसुत-रैकड़, गड़आ पथ में रैकड़ के निकट बघवारा खनधा, बुलका स्थान बड़की आहर तथा महारानी स्थान के निकट सिंचाई हेतु ह्यूम पाइप नहीं पड़ा है, जिससे कृषकों को अपने खेतों की सिंचाई करने में काफी परेशानी हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोसुत-रैकड़-गड़आ पथ में उक्त स्थलों पर ह्यूम पाइप लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1527. श्री संजय सिंह (टाईगर)–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा-सहार पथ से उदवन्तनगर प्रखंड के खजुआता ग्राम में जानेवाली सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में खासकर वर्षात में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*1528. श्री कृष्णनन्दन पासवान–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड के कनछेदवा उच्च विद्यालय से कनछेदवा ग्राम तक, गायघाट से हरसिद्धि जानेवाली बाबा रोड, परशुरामपुर चौक से रानी छपरा तक एवं प्रखंड तुरकौलिया के महनवा से सेमरा जानेवाली पथ में पेठिया टोला तक, कमिटी बाजार से कोटवा जानेवाली पी०डब्लू०डी० पथ तक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जीर्ण-शीर्ण पथों को कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1529. श्रीमती पुनम देवी यादव–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 1 अक्तूबर, 2014 में छपी खबर "परमानंदपुर-मेहसौड़ी सड़क जर्जर" की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परमानंदपुर से मेहसौढ़ी तक जानेवाली सड़क मरम्मती के अभाव में जर्जर और जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का इस्तेमाल लोग संसारपुर पुलिस लाइन, डी०एम० व एस०पी० आवास, रामगंज, गौड़ाशक्ति, मेहसौढ़ी, बगडोभ, रांको आदि गाँव जाने के लिये करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती के लिये राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

सड़क का निर्माण

*1530. श्री रामसुरत राय–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड को जोड़नेवाली बैगना से चंगेल पथ विगत 6 वर्षों से जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है साथ ही उक्त पथ में ही पहलधार पुल भी ध्वस्त हो जाने से जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पुल एवं सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1531. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के मिर्चारिवारी से नौलखी जानेवाली सड़क में नौलखी, मारा घाट में पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार नौलखी के मारा घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*1532. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा 250 की आबादी वाले प्रत्येक गाँव/टोला को मुख्य सड़क से जोड़ने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2013-14 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ प्रखंड के दुबौली, रामलगन लाल के टोला, रमदतही, मखदुमपुर, गरेयाँ एवं शाहपुर प्रखंड के गोविन्दपुर, ओझवलिया महादलित टोला की आबादी 500 से ज्यादा रहने के बाद भी आजतक मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कंडिका (2) में वर्णित गाँवों को मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव विरोधी कार्य कराना

*1533. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पूर्वी कोसी तटबंध को 78.60 कि०मी० एन० एस० के अप स्ट्रीम में कोसी का कटाव जारी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पहाड़पुर, बलवा एवं अन्य गाँवों के किसानों की सब्जी की खेती 5 एकड़ कटाव से प्रभावित हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त बिन्दु पर कटाव विरोधी कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*1534. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के कुट्टी घाट महानन्दा नदी में पुल नहीं होने के कारण पूर्णियाँ जिले के अमौर व बैसा प्रखंड व किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड के लोगों को किशनगंज जिला मुख्यालय आने में 23 कि०मी० अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार महानन्दा नदी के कुट्टी घाट में पुल बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का जीर्णोद्धार

*1535. श्री मनीष कुमार–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धोरैया प्रखंड के दस हजार एकड़ जमीन को सिंचाई की सुविधा देने वाला साहुनाला बाँध पिछले दस वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो इस बाँध का जीर्णोद्धार अबतक नहीं कराये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

नलकूप चालू करना

*1536. श्री जितेन्द्र कुमार–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के ग्राम-बेनार में वर्ष 1973 में खंधाबलका में सिंचाई कार्य हेतु नलकूप की व्यवस्था की गई थी;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप विगत 10 वर्षों से खराब रहने की स्थिति से वहाँ पर किसानों को सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

---------

नेटवर्क से जोड़ना

*1537. श्री जनक सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के तुर्की-महम्मदपुर मुख्य पथ से श्री नगेन्द्र सिंह के घर एवं मुड़वा महादलित टोली होते हुये मुहम्मदपुर पी०एम०जी०एस०वाई० पथ, मुख्य पथ खजूरी पश्चिम टोला से महादलित टोला होते हुये खजूरी-धेनुकी पी०एम०जी०एस०वाई० पथ, पानापुर-तुर्की-सातजोड़ा मुख्य पथ के धेनुकी से खजूरी की ओर जाने वाली नहर पथ तथा मड़वा पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से पश्चिम पंचायत भवन मुख्य पथ तक राज्य कोर नेटवर्क से नहीं जोड़ा गया है जिससे निर्माण कार्य रूका हुआ है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त महादलित बस्ती के पथों को राज्य कोर नेटवर्क से जोड़कर निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पईन की सफाई

*1538. श्री कृष्णनन्दन यादव–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के खुशियालपुर नदी से हथियावां-केवड़ी पईन का पीण्ड जीर्ण-शीर्ण तथा पईन का सतह नदी से ऊँचा हो गया है;

(2)क्या यह बात सही है कि हथियावां-केवड़ी पईन में नदी का पानी नहीं आता है;

(3)क्या यह बात सही है पईन से पानी नहीं आने से हथियावां, केवड़ी, मखदुमपुर, श्यामनगर सपनेही आदि गाँवों में सिंचाई नहीं होता है, जिससे फसल की उपज अच्छी नहीं होती है;

(4)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजर सराय प्रखंड के खुशियालपुर नदी से हथियावां-केवड़ी पईन की सफाई का कार्य करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क से जोड़ना

*1539. श्री संजय सिंह ''टाईगर''–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड का सलेमपुर बस्ती महादलित बाहुल्य है, जहाँ ग्रामीणों के आने-जाने के लिये पक्की सड़क नहीं है, जिससे वर्षा के समय में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सलेमपुर महादलित बाहुल्य बस्ती को पक्की सड़क से जोड़ना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1540. श्री अशोक कुमार–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर प्रखंड अन्तर्गत नकटा से डरसुर पथ में सिंचाई विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित नहर पर स्लूईस गेट सह पुल, काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पुल सह स्लूईस गेट के स्थान पर नया पुल सह स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

सड़क का निर्माण

*1541. श्रीमती गुलजार देवी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड फुलपरास के मध्य विद्यालय, सुरियाही के नजदिक से गुजरने वाली प्रधान मंत्री ग्राम सड़क से परसा गोरगामा पथ को जोड़ने वाली कच्ची सड़क जिसकी लम्बाई लगभग ढाई कि०मी० है, कच्ची एवं जर्जर है;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को बरसात के दिनों में यातायात पूर्णतः बाधित हो जाता है तथा मध्य विद्यालय में नामांकित 1200 छात्र-छात्रायें जुलाई से दिसम्बर तक विद्यालय नहीं जा पाते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं के शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ता है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1542. श्री चितरंजन कुमार–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के अवगिला में नहर पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार अवगिला में नहर पर पुल निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1543. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के ग्राम महुआईन के पास केसहर नदी पर पुल नहीं रहने से आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल के पास केसहर नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लुईस गेट की मरम्मती

*1544. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के प्रखंड रंगरा चौक के कटरिया तीन टंगा पथ में ग्राम रंगरा के पास बने स्लुईस गेट की स्थिति अत्यन्त जर्जर है जिसके कारण बाढ़ आने से हजारों एकड़ जमीन पर लगी फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर स्लुईस गेट की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1545. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड बहादुरगंज के चन्दवार पंचायत में योजना सं० 02/14-15 बी०आर०जी० एफ मद में बने ग्राम बागीचा पूरब टोला में पी०सी०सी० सड़क योजना बनने के कुछ ही महीने में सड़क बीचों-बीच फट गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का प्राक्कलित राशि 2,70,800 रु० (दो लाख, सत्तर हजार, आठ सौ रु०) है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं की उच्चस्तरीय जाँच कर दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

हेल्थ कार्ड बनाना

*1546. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 17 फरवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''महज सात जिलों में ही शुरू हुआ आर०एस०बी०वाई० का हेल्थ कार्ड'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बी०पी०एल० परिवारों, बीड़ी कामगारों, निर्माण मजदूरों, रेलवे कुलियों, घरेलू नौकरों सहित मनरेगा मजदूरों को सालाना 30 हजार तक की मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु हेल्थ कार्ड बनाने की योजना का आरम्भ 1 फरवरी, 2015 को किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में मार्च, 2015 से राज्य के सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्ड बनाने की योजना पूरी करनी है, जबकि 31 जिलों में इसका कार्य शुरू भी नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के 31 जिलों में हेल्थ कार्ड बनाने का कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि उपलब्ध कराना

*1547. श्री अरूण माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी, धनरूआ, दानापुर, पुनपुन प्रखंडों में सन् 1990 से पहले महादलित टोलों में इंदिरा आवास का निर्माण हुआ था, वह काफी जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराने इंदिरा आवास में रहने वाले लोगों को छत एवं दीवारों के गिरने से जान-माल का खतरा बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महादलित टोलों में जर्जर इंदिरा आवास के बदले नये इंदिरा आवास के निर्माण के लिये राशि उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1548. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर अन्तर्गत पटना-गया लाइन के किनारे से गुजरने वाली पटना-पुनपुन सड़क जयप्रकाश नगर स्थित सिपारा रेलवे पुल (एन०एच० 30) के नीचे स्थित दुर्गा मंदिर के निकट एन०एच० 82 से मिलती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिपारा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे पटना-पुनपुन सड़क के काफी संकीर्ण होने के कारण वहाँ हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाम की समस्या से निपटने हेतु सिपारा पुल के नीचे किये गये अतिक्रमण को हटाकर वहाँ सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छिलका निर्माण कराना

*1549. श्री ललन राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा में ग्राम-हनेमा, बरवाडीह के पास बतरे नदी पर छिलका निर्माण की योजना विगत चार वर्षों से स्वीकृति के अभाव में लंबित है, जिससे किसानों की हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त छिलका के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*1550. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में बने सिघौल से पकठौल, खातोपुर से हीसपर, सिघौल से रतनपुर एवं रतौली से हरदिया का सड़क जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2011-12 में बना था, लेकिन अब टूट कर जर्जर हो गया है, जिससे लाखों लोगों की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का 5 साल तक रख-रखाव करने की जिम्मेवारी संवेदक को दिया गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी जर्जर सड़क की मरम्मती एवं संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1551. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के मंगुरा नदी पर चन्दैला एवं पकरी गाँव के सामने पुल का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार आदर्श गाँव, पकरी एवं चन्दैला के बीच मंगुरा नदी पर एक उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1552. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के राजाडीह पी०एम०जी०वाई० पथ से सोमेश्वर जी के घर होते हुये मुसहर टोला तक पी०एम०जी०वाई० पथ का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के निर्माण हेतु प्रश्नकर्त्ता द्वारा दिनांक जनवरी, 2014 को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1553. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के घोड़बंकी प्रधान मंत्री सड़क से जयनगर अनुमंडल मुख्यालय को जोड़ने वाली बराही होते हुये जयनगर तक ग्रामीण सड़क अत्यन्त ही जर्जरावस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की लम्बाई लगभग 10 कि०मी० है जो कच्ची है जिससे 50 हजार आबादी का आवागमन प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1554. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के टी 2 से तालिबपुर, टी 4 बैरमपुर से अम्बा, टी 2 से नुनुकला, टी 2 से हरपुर काला एवं साहेघार से नवभरण प्रधान मंत्री सड़क जर्जर हालत में है तथा लोगों का आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क खराब होने से लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल है तथा यातायात प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है ?

सड़क बनाना

*1555. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी अमदाबाद पंचायत के मनिहारी, अमदाबाद सड़क के इसा का घर होते हुये सामेश, बलवा तक सड़क के अभाव में आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ कबतक सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलाशय का जीर्णोद्धार

*1556. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड अन्तर्गत बंगरा जलाशय योजना का जीर्णोद्धार यथा छिलका का निर्माण तथा खुदाई आजतक नहीं हुआ है जिसके कारण 1,000 एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलाशय का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

*1557. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड में वर्ष 2007 में बागमती बाँध विस्तार योजनान्तर्गत रून्नीसैदपुर बागमती प्रमंडल को वित्तीय वर्ष 2009-10 में 1,000 लाख रुपये पुनर्वासित करने हेतु उपलब्ध कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनर्वासित करने के लिये भू-अर्जन अधिनियम की धारा II के द्वारा अभीतक कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या भू-अर्जन अधिनियम की धारा II के अन्तर्गत पुनर्वासित नहीं करनेवाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये पुनर्वासित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1558. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड के छतौना पंचायत में अति० स्वा० केन्द्र भवन निर्माण हेतु 8 कट्ठा जमीन उपलब्ध रहने, पंचायत विक्रमपुर बान्दे में स्वास्थ्य भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भवन निर्माण कार्य अभीतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में प्रा० स्वास्थ्य उप-केन्द्र/अति० स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

### पुल का निर्माण

*1559. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड के पडुका गाँव के समीप सोन नदी पर पुल बनाने की योजना वर्ष 2011 से पुल निर्माण निगम अंतर्गत राजकीय कमिटी के पास विचाराधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल बन जाने पर झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश एवं बिहार के एक बड़े भू-भाग के लोगों को यातायात में सुविधा होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

### सड़क बनाना

*1560. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के नन्दलालपुर से अकबरपुर होते हुये रानीपुर-लहरिया होते हुये लगमा गाँव तक सड़क की हालत जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस सड़क से अनुमंडल, ब्लॉक, स्कूल, अस्पताल, स्टेशन आने-जाने में काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त गाँव की सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

### सड़क की मरम्मती

*1561. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत पंचायत रतनपुर के ग्राम-चादपुर में मो० अब्दुलबारी के घर से माधोपुर, बजरंगबली स्थान तक सड़क की लम्बाई 3 कि०मी० है जिसकी स्थिति बहुत ही जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

### संवेदक पर कार्रवाई

*1562. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुर प्रखंड के एकमी से गौढ़ियारी भाया बघला पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2013-14 में समाप्त होना था, लेकिन इस सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2014-15 के लिये (एक वर्ष के लिये) बढ़ा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में प्राक्कलन (गुणवत्ता) के अनुरूप बालू, गिट्टी, ईंट एवं सीमेंट का उपयोग नहीं होने के कारण एक तरफ निर्माण हो रहा है, दूसरे तरफ सड़क टूट रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*1563. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के गर्दनीबाग के सरकारी आवास का मकान जर्जर होने के कारण आवंटन योग्य नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सरकारी आवास के मरम्मत के नाम पर हर साल राशि का आवंटन एवं व्यय किया जाता रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी आवास के मरम्मत के मद में खर्च राशि से किये गये कार्यों का उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सिंचाई सुविधा बहाल करना

*1564. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम-पीढ़ावस्तर गिरियक प्रखंड के ग्राम-महिल्ला, गाजीपुर, केरूला, दरीयापुर गाँवों में राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बंद रहने से किसानों का सिंचाई कार्य बाधित है जिस कारण फसल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त राजकीय नलकूपों को चालू कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा बहाल करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1565. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड में ख्वाजा गरीब नवाज से नहुआबाड़ी होते हुये चहकपारा तक जानेवाली 8 कि0 मी0 लंबी पी0डब्लू0डी0 सड़क पिछले दस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण होने के कारण लगभग 25 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो इस सड़क का अबतक जीर्णोद्धार नहीं कराये जाने का क्या औचित्य है ?

--------

सड़क का निर्माण

*1566. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के बिहपुर पूरब पंचायत के वार्ड नं0 6 के राईन टोला में हरिशंकर मिश्र के घर से इमामबाड़ा कासीचक, मो0 अलीमुद्दीन, पूर्व सरपंच के घर तक का सड़क काफी जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वार्ड में जर्जर सड़क रहने से पैदल चलने वाले ग्रामीणों को खासकर बरसात के दिनों में ज्यादा कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड नं0 6 के राईन टोला में सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का निर्माण

*1567. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय, वरूणा पुल से दरभंगा जिलान्तर्गत घनश्यामपुर प्रखण्ड के रसियारी पुल तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के बीच दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के जगन्नाथपुर चौक से महेड़ी तथा बेनीपुर प्रखण्ड मुख्यालय तक सड़क निर्माण कार्य अत्यधिक धीमी रहने के कारण आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

### सड़क का जीर्णोद्धार

*1568. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो अनुमंडल अन्तर्गत बैसाडीह से सेदहां तक जानेवाली सड़क पिछले पाँच वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण इस पथ पर आवागमन ठप है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो अनुमंडल अन्तर्गत ग्राम-जेठवार से कोसडिहरा तक जाने के लिये 20 फीट चौड़ी कच्ची सड़क है, जिसका उपयोग गोपालपुर, कोसडिहरा, बगसंडा, बोफनडीह, भदसेरा आदि ग्रामों की ग्रामीण जनता द्वारा जेठवार बाजार जाने के लिये किया जाता है तथा बरसात में पक्कीकरण के अभाव के कारण इनको दिक्कत होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क के जीर्णोद्धार तथा खंड (2) में वर्णित सड़कों के पक्कीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### सड़क की मरम्मती

*1569. श्री उमाकांत यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड के ग्राम-गेहुआ, बैरिया में प्रधान मंत्री सड़क की स्थिति काफी जर्जर रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराकर कबतक आवागमन चालू कराने का विचार रखती है ?

---

### स्टेट बोरिंग चालू करना

*1570. श्रीमती दिलमरणी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है बक्सर जिलान्तर्गत ब्रह्मपुर निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को नहरों में पर्याप्त पानी नहीं मिलने एवं स्टेट बोरिंग बन्द पड़े रहने के कारण सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार ब्रह्मपुर निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित स्टेट बोरिंग को चालू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों

पुल बनाना

*1571. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत चानन प्रखण्ड के गोपालपुर नहर टोला के लोगों के लोअर किउल दायाँ भाग कुन्दर से बन्नुबगीचा मुख्य नहर के कारण आवागमन हेतु पुल नहीं रहने से रास्ता नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में नहर जीर्णोद्धार तथा पुल निर्माण की स्वीकृति के बावजूद निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को रेलवे लाइन होकर जाना पड़ता है जिससे अबतक दर्जनों दुर्घटनायें हो चुकी हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोअर किउल दायाँ भाग कुन्दर से बन्नुबगीचा नहर के गोपालपुर में नहर पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ प्रारम्भ करना

*1572. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र के लखनुबीघा, चुहीगाछी, सररपुर, तारबीघा, गोइत्रा, फरसर, बढ़ी घड़िचारी, जक्की, मुकरापुर, बकरा, छोटी मलमा, हरिपापुर पथ प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु वर्ष 2013-14 में स्वीकृति मिली है तथा उक्त पथों के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित कर संवेदक को कार्य आवंटित किया गया है, परन्तु संवेदक द्वारा आजतक उक्त पथों पर कार्यारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त पथों पर कबतक कार्यारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1573. डॉ० अरुण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के सौनी टोला से शर्मा चौक तक की ग्रामीण सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1574. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी विधान-सभा एन०एच० 104 से साहर घर तथा गाना भवन तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना;
दिनांक 15 अप्रील, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

वि०स०मु० (एल० ए०), 41-डी०टी०पी०-450